FIROZABAD POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

सराहनीय कार्य दिनाँक 03-09-2025 थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद ।

- **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा शातिर अभियुक्त सुमित दिवाकर को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार ।**
- **अभियुक्त के विरुद्ध जनपद के विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक अभियोग है पंजीकृत.....**
- **अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 03 जिंदा कारतूस 315 बोर, 01 खोखा कारतूस बरामद ।**
- **घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है ।**

दिनांक 03-09-2025 को थाना रसूलपुर क्षेत्रान्तर्गत डायल 112 पर कॉलर सुनील निवासी थाना क्षेत्रान्तर्गत रसूलपुर द्वारा सूचना दी गयी कि उसके छोटे भाई गुड्डू पर सुमित दिवाकर ने फायरिंग की है । प्राप्त सूचना व तहरीर के आधार पर थाना रसूलपुर पर मु0अ0सं0 392/2025 धारा 109(1),351(2),352 बीएनएस पंजीकृत किया गया था ।

उक्त प्रकरण में वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एंव क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया था । आज दिनांक 03-09-2025 को थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा उक्त प्रकरण में सम्भावित स्थानों पर दबिश दी जा रही थी तथा अभियुक्त सुमित दिवाकर की तलाश की जा रही थी । इसी क्रम में मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि उक्त अभियुक्त सुमित दिवाकर फरार होने की फिराक में है, जो नगला बरी चौराहे के पास देखा गया है । सूचना पर तत्काल थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा फतेहाबाद रोड नगला बरी चौराहे पर सघन चैकिंग अभियान चलाया गया । चैकिंग के दौरान सामने से एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया । पुलिस टीम को देखकर उक्त संदिग्ध व्यक्ति भागने लगा जिसका पुलिस टीम द्वारा पीछाकर घेराबंदी की गयी । खुद को घिरता हुआ देखकर उक्त संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया । आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में संदिग्ध व्यक्ति पैर में गोली लगने से घायल हो गया । घायल व्यक्ति की पहचान सुमित दिवाकर पुत्र अनिल दिवाकर निवासी गली नं0-05 प्रेमनगर डाक बंगला थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुई है जोकि थाना रसूलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 392/2025 का वांछित अभियुक्त है । अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 03 जिंदा कारतूस एवं 01 खोखा कारतूस बरामद हुए हैं । घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-

1. सुमित दिवाकर पुत्र अनिल दिवाकर निवासी गली नं0-05 प्रेमनगर डाक बंगला थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण –

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 03 जिंदा कारतूस 315 बोर।
3. 01 खोखा कारतूस 315 बोर।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त -

1. मु0अ0स0 494/23 धारा 307/323/325/341/504 भादवि0 थाना रामगढ फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 376/23 धारा 323/504/506 भादवि0 थाना रसूलपुर फिरोजाबाद।
3. मु0अ0सं0 301/24 धारा 115(2)/351(2) बी.एन.एस थाना रसूलपुर फिरोजाबाद।
4. मु0अ0सं0 399/24 धारा 109(1)/115/351(2)/352/76 बी.एन.एस थाना रसूलपुर फिरोजाबाद।
5. मु0अ0सं0 392/25 धारा 109(1)/351(2)/352 बी.एन.एस थाना रसूलपुर फिरोजाबाद।
6. मु0अ0सं0 393/25 धारा 109(1)बी.एन.एस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना रसूलपुर फिरोजाबाद।

गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री प्रदीप कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि9 श्री विमल कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 श्री अमित आनन्द थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 श्री आदित्य प्रताप थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 श्री हाकिम सिंह थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
6. उ0नि0 श्री सुधीर कुमार अत्री थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
7. उ0नि0 श्री ऋषभदेव भारद्वाज थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
8. है0का0 867 रवि कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
9. है0का0 1054 बाबू जालिम सिंह थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
10. है0का0 712 शैलेन्द्र सिंह थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
11. का0 868 योगेन्द्र सिंह थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।